SUBJECT: GEOGRAPHY

CLASS: B.A. Part Ist (Hons.), PAPER: 2nd, UNIT: IInd

TOPIC: Asia → Iron-Ore

BY:— Dr. Sanjay Kumar, Assistant Professor, Dept. of Geo.
D.B. College, Jaynagar, Madhubani, L.N.M.U., Darbhanga

LECTURE No. 31 (Email: sanjaykumar.phd@gmail.com)

लोहा अयस्क पृथ्वी के अन्दर चट्टानों में कच्ची धातु (Iron-Ore) के रूप में पायी जाती है जिसे भट्टियों में गलाकर साफ करते हैं। इस कच्चे लोहे में अनेक धातुओं को मिलाकर इसे कठोरता, मजबूतीपन तथा टिकाऊपन देकर इससे इस्पात (Steel) बनाते हैं। लोहा विश्व की एक महत्वपूर्ण आधारभूत खनिज धातु है। विश्व के वे देश जहाँ लोहे के भण्डार हैं, संसार के धनी देशों में गिने जाते हैं।

लोहे की कच्ची धातु चार प्रकार की होती है—

(1) **हैमेटाइट (Hametite)**— इसमें लोहे का अंश 72% से अधिक होता है इसे गलाने में सुविधा रहती है। भारत, चीन तथा कोरिया में इस प्रकार की धातु मिलती है।

(2) **मैगनेटाइट (Magnetite)**— इसमें लोहे का अंश 72% के लगभग होता है। भारत के कर्नाटक राज्य की खानों में इसी प्रकार का लोहा मिलता है।

(3) **लिमोनाइट (Limonite)**— इसमें लोहे का अंश 60% तक रहता है। इसकी खुदाई आसानी से हो जाती है। मलेशिया तथा जापान की खानों में इस प्रकार की धातु मिलती है।

(4) **साइडेराइट (Siderite)**— इसमें लोहे का अंश 48% तक होता है। यह अशुद्धि मिश्रित लोह धातु है। थाईलैण्ड में इस प्रकार की कुछ धातु मिलती है।

Scanned with CamScanner

→ **उत्पादन –**

एशिया विश्व का केवल 14% लोहा उत्पन्न करता है। एशिया के प्रमुख लोहा उत्पादक देश एशियाई रूस, चीन, भारत, उ. कोरिया, फिलीपाइन्स तथा मलयेशिया हैं। जापान, बर्मा, थाईलैण्ड, टर्की, पाकिस्तान तथा दक्षिणी कोरिया भी कुछ लोहे का उत्पादन करते हैं।

चीन → चीन की हॉंकाऊ के निकट तायह की लौह खान सबसे प्रसिद्ध खान है। हुपेइ तथा चिंगलिंग की खानों से भी लोहा निकाला जाता है। अन्य लोहे की खानें भीतरी मंगोलिया, आन्हवेई, लिआओनिंग, चिप्याई, आदि राज्यों में मिलती हैं।

भारत → भारत एशिया का प्रमुख लोहा उत्पादक देश है। भारत का लगभग 50% लोहा बिहार की सिंहभूमि तथा उड़ीसा की मयूरगंज तथा क्योंझर की खानों से प्राप्त होता है। मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश तथा कर्नाटक की खानों से भी लोहा निकाला जाता है।

जापान → जापान के मोरारा जिला तथा कैमेशी क्षेत्र की खानों से भी उत्तम प्रकार की लौह धातु प्राप्त की जाती है। कैमेशी में मिलने वाली लौह धातु मैगनेटाइट श्रेणी की है। अन्य खानों में मोथाइशी तथा ओमोरी हैं।

मलयेशिया → मलयेशिया के मलाया प्रायद्वीप की जोहोर तथा ट्रैंगानू राज्यों की लौह खानों से लोहा निकाला जाता है। ट्रैंगानू राज्य की डुंगन तथा बुकिनवेसी लौह खानें प्रसिद्ध हैं।

→ **अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार :–**

आज के इस्पात युग में लोहे का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार बाजार बड़ा महत्वपूर्ण है। मलाया प्रायद्वीप, उत्तरी कोरिया, भारत तथा चीन देश लोहे का निर्यात करते हैं। जापान तथा फिलीपाइन्स प्रमुख आयात करने वाले देश हैं।

— x — x — x —

Scanned with CamScanner